दिन– बुधवार दिनांक– 29 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और महागठबंधन का प्रचार अभियान हुआ और तेज। स्टार प्रचारक अमित शाह, राजनाथ सिंह, नीतीश कुमार, राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव की आज कई चुनावी सभाएं।

02. महागठबंधन के घोषणा पत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज। भाजपा–जदयू नेताओं ने प्रण पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया।

03. चक्रवातीय तूफान **'मोंथा'** के कारण प्रदेश के मौसम में बदलाव। मौसम विभाग ने आज जमुई, बांका, मुंगेर, भागलपुर और कटिहार समेत सात जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

04. और, गोवा में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में प्रदेश की पुरूष टीम ने तीन कांस्य पदक जीते।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आज से प्रचार काफी तेज हो गया है राज्य में छठ पूजा संपन्न होने के बाद आज कई बड़े नेताओं और स्टार प्रचारकों की जनसभाएं होंगी। एनडीए और महागठबंधन दोनों गठबंधनों की ओर से कई स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री आज दरभंगा, समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज एनडीए के प्रत्याशियों के समर्थन में दरभंगा के हायाघाट और पटना जिले के बाढ़ में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा शासित प्रदेशों के कई मुख्यमंत्री भी आज राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनावी सभाओं में भाग लेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिवान, भोजपुर और बक्सर में जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भागलपुर और मधेपुरा में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। दिल्ली कीज्ञमुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मुजफ्फरपुर और पटना साहिब क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित करेंगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मुजफ्फरपुर के सकरा और दरभंगा के लोआम में महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी आज कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे । तेजस्वी यादव समस्तीपुर , मधेपुरा , दरभंगा और मुजफ्फरपुर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ महागठबंधन के संयुक्त चुनाव प्रचार अभियान में भी उपस्थित रहेंगे। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

---

महागठबंधन ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सभी सातों घटक दल के नेताओं की उपस्थिति में तेजस्वी प्रण पत्र नाम से घोषणा पत्र जारी किया गया। इसमें

कई लोक लुभावन वायदे किये गये हैं। प्रण पत्र में कहा गया है कि महागठबंधन की सरकार बनने पर प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जायेगी। इसके लिए सरकार गठन के बीस दिन के भीतर अधिनियम लाया जायेगा। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि घोषणा पत्र का उद्देश्य बिहार को नंबर एक राज्य बनाना है। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि एनडीए के पास कोई विजन नहीं है इसलिए अभी तक कोई साझा घोषणा पत्र जारी नहीं हो सका है।

———बाइट———

---

महागठबंधन की ओर से घोषणा पत्र जारी होने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने महागठबंधन के घोषणा पत्र को गुमराह करने वाला बताया है। संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि राजद नेतओं को बिहार के आंतरिक संसाधनों का ज्ञान नहीं है।

———बाईट———

इधर, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि महागठबंधन को पता है कि वे सत्ता में नहीं आयेंगे इसीलिए ऐसी घोषणाएं कर रहे हैं।

———बाईट———

---

कांग्रेस के बिहार चुनाव पर्यवेक्षक और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि महागठबंधन का घोषण पत्र केवल वायदा नहीं हैं, बल्कि लोगों की समस्याओं को दूर करने का एक संकल्प हैं।

———बाईट———

वहीं, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा है कि एनडीए में अब तक मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन बेहतर है।

———बाईट———

---

निर्वाचन आयोग राज्य के सात लाख से अधिक दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को उनके घर पर मतदान कर्मचारियों को भेजकर मतदान की सुविधा उपलब्ध करा रहा

है। पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एसएम ने बताया कि आज और कल जिले के सभी पचासी वर्ष से अधिक उम्र कि मतदाता और दिव्यांग मतदाता घर बैठे मतदान कर सकेंगे। श्री त्यागराजन ने बताया कि इसके लिए पचहत्तर मोबाईल मतदान टीम और चौदह सुरक्षित टीमों का गठन किया गया है। मतदान दल में दो मतदान अधिकारी, एक माईक्रो आब्जर्वर, एक वीडियो ग्राफर और सुरक्षाकर्मी शामिल रहेंगे।

---

जनसुराज पार्टी के सुत्रधार प्रशांत किशोर ने अररिया जिले के जोकीहाट, नरपतगंज, फारबिसगंज और अररिया में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जनसभा की। इस दौरान उन्होने लोगों के बीच सत्ता परिवर्तन का नारा दिया।

---

बक्सर जिले में छह नवंबर को होने वाले पहले चरण के चुनाव की सरगर्मी बढ गई है। बक्सर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा, कॉंग्रेस प्रत्याशी संजय तिवारी, ब्रहम्पुर विधानसभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी शम्भू नाथ यादव, डुमरांव विधानसभा क्षेत्र में जदयू प्रत्याशी राहुल सिंह ने चुनाव कार्यालय खोलकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

---

बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न चक्रवातीय तूफान **'मोंथा'** के कारण प्रदेश के मौसम में बदलाव हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार हालांकि मोंथा कमजोर पड़ गया है। लेकिन इसके प्रभाव से अगले तीन दिन तक अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश की सम्भवना है। विभाग के अनुसार आज जमुई, बांका, मुंगेर, भागलपुर और कटिहार समेत सात जिलों में भारी बारिश के आसार हैं।

–––बाईट–––

इधर, मौसम विभाग ने कल गोपालगंज, सीवान, मधुबनी, सीतामढ़ी, दरभंगा, सुपौल, पूर्वी और पश्चिम चंपारण के कुछ भागों में अति भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, वैशाली, सारण, मुजफ्फरपुर, सहरसा, मधुबनी, बक्सर, कैमूर, रोहतास, शिवहर और औरंगाबाद जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

---

पूर्व मध्य रेलवे ने छठ पर्व के बाद लौटने वाले यात्रियों की सुविधा को देखते हुये आज से चौहत्तर विशेष ट्रेनों की शुरूआत की है। रेलवे के अनुसार पटना, दानापुर, बरौनी, भागलपुर, मुजफ्फरपुर समेत कई स्टेशनों से विशेष ट्रेन रवाना होगी। रेलवे ने

बिहार और पूर्वांचल के तीस से ज्यादा प्रमुख स्टेशनों पर विशेष होल्डिंग एरिया स्थापित किये हैं। भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पटना जंक्शन, राजेन्द्रनगर टर्मिनल, पाटलिपुत्र स्टेशन, सहरसा, दरभंगा, गया, समेत प्रदेश के प्रमुख स्टेशनों पर यात्री प्रतीक्षा क्षेत्र बनाए गए हैं।

---

मिथिला का प्रसिद्ध लोकपर्व सामा चकेवा आज से शुरू हो गया है।

———म्यूजिक———

यह पर्व भगवान श्री कृष्ण और जाम्बवती की पुत्री सामा और उनके भाई चकेवा पर आधारित है। इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना के लिए पूर्णिमा तक सामा चकेवा खेलतीं हैं। पर्व की शुरुआत छठ पर्व के समापन के बाद होती है। इसमें बहनें मिट्टी की मूर्तियों का निर्माण करती हैं और अपने भाइयों की सलामती के लिए प्रार्थना करती हैं।

———म्यूजिक———

---

गोवा में आयोजित पैंतीसवीं सीनियर राष्ट्रीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में प्रदेश कीपुरूष टीम ने तीन कांस्य पदक जीते हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रण शंकरण ने बताया कि बिहार की टीम ने रेगूलर स्पर्धा में राजस्थान, डबल स्पर्धा में कर्नाटक और क्वाड स्पर्धा में महाराष्ट्र को हराकर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि पहली बार बिहार सीनियर पुरूष टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल किया है।

वहीं, गुजरात के नाडियाड में बिहार और मणिपुर के बीच खेला गया रणजी मुकाबला ड्रॉ हो गया है। बिहार की टीम का अगला मुकाबला एक नवम्बर को मेघालय से होगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा से जुड़ी अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव के बयानों को सुर्खी बनाया है। अखबार मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– भ्रामक घोषणाओं से सतर्क रहे युवा। वहीं, तेजस्वी के बयान पर अखबार ने लिखा है– हम सरकार ही नहीं नया बिहार बनायेंगे।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– महागठबंधन ने जारी किया तेजस्वी प्रण पत्र। पैंतीस लाख बटायेदारों को जमीन का पहचान पत्र देने का वादा।

प्रभात खबर लिखता है– आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी। पचास लाख कर्मियों को फायदा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– आईआरसीटीसी घोटाला मामले में बचाव पक्ष ने गवाहों की जिरह को समय मांगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और महागठबंधन का प्रचार अभियान हुआ और तेज। स्टार प्रचारक अमित शाह, राजनाथ सिंह, नीतीश कुमार, राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव की आज कई चुनावी सभाएं।

02. महागठबंधन के घोषणा पत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज। भाजपा–जदयू नेताओं ने प्रण पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया।

03. चक्रवातीय तूफान **'मोंथा'** के कारण प्रदेश के मौसम में बदलाव। मौसम विभाग ने आज जमुई, बांका, मुंगेर, भागलपुर और कटिहार समेत सात जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

04. और, गोवा में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में प्रदेश की पुरूष टीम ने तीन कांस्य पदक जीते।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।